# D.A.V PUBLIC SCHOOL, POKHARIPUT,BHUBANESWAR-20
## SAMPLE QUESTION FOR HALF YEARLY EXAMIANTION 2022-23
## STD-VII

**Subject: Lower Hindi** **Full marks:-80**

**निर्धारित समय - 3 घंटे अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देश :**

**• इस प्रश्न पत्र चार खण्ड हैं। क, ख, ग और घ।**

**सभी खंड अनिवार्य हैं।**

**: प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।**

**: उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रमसंख्या लिखिए जो प्रश्नपत्र में दी गई है।**

**• कृपया जाँचकर लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं।**

**खंड - क**

**(अपठित गद्यांश)**

**1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिएः-**

**ज्ञान-राशि के संचित कोष का नाम साहित्य है अथवा मानवीय भावनाओं की अभिव्यक्ति को ही साहित्य कहते हैं। वह किसी देश, समाज तथा व्यक्ति का सामयिक समर्थन नहीं है, अपितु वह सार्वदेशिक और सार्वकालिक गुणों से अनुप्राणित रहता है। वास्तव में देखा जाए तो मानवमात्र की कामनाओं तथा अभिलाषाओं की प्रस्तुति साहित्य है। यदि साहित्य को विश्व-मानव का हृदय, कहें तो इसमें अत्युक्ति न होगी क्योंकि इसमें व्यक्तिगत हृदय की भाँति ही सुख-दुख, आशा-निराशा, साहस-भय तथा उत्थान-पतन उत्कर्ष एवं अश्रु हास का स्पंदन रहता है। संसार के भिन्न-भिन्न राष्ट्रों में जातिगत, वर्गगत एवं धर्मगत चाहे कितनी ही बाहरी पृथकता क्यों न हो, आंतरिक रूप से हमारी भावनाएँ तथा जीवन-मरण की समस्याएँ एक सी है। प्रकृति को देखकर आश्चर्यान्वित होना, प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर खुश होना सभी के लिए समान है। इसमें कोई संदेह नहीं कि साहित्य का क्षेत्र अत्यंत विशाल एवं विस्तृत है। मानव-जीवन की विशालता ही साहित्य-क्षेत्र की सीमा है। मानव-जीवन का उद्देश्य सत्य की प्रतिष्ठा करना है। वस्तुतः सौंदर्य की महत्ता सत्य में है सत्य की प्राप्ति में जीवन का महत्त्व है। उस लक्ष्य-सिद्धि की साधना है काव्य और काव्य की सार्थकता जीवन को सुसम्पन्न, सतत प्रत्यनशील व चिरमंगलमय बनाने में है।**

**(क) ज्ञान-राशि के संचित कोष का क्या नाम है?**

**(ख) गद्यांश में से 'अपकर्ष' का विपरीत शब्द बताइए।**

**(ग) गद्यांश में से 'हिम्मत' का समानार्थी शब्द वताइए।**

**(घ) निम्न में से कौन-सी विशेषता साहित्य की नहीं है?**

**(ङ) इस गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।**

**अपठित गद्यांश - 2**

**निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)**

**मानव वास्तव में एक सामाजिक प्राणी है। वह प्राय: समाज में अपने वर्ग में रहकर ही सुखी रहता है और परस्पर पत्र-पत्रिकाओं के द्वारा विशेष संपर्क बढ़ाता है। सामाजिक प्राणी होने के कारण मनुष्य देश-विदेश की अवस्था, रहन-सहन, उन्नति-अवनति आदि विवरणों को जानना चाहता है। उन विवरणों एवं दशाओं आदि को जानने की साधारण, सुलभ एवं सुगम विधि समाचार-पत्र ही हैं समाचार-पत्र ही एक ऐसा साधन है जिनके द्वारा हम घर बैठे देश-विदेश के समाचार सफलता और सरलता से एवं अल्प मूल्य में जान सकते हैं। स्पष्ट है कि छात्रों के लिए भी समाचार-पत्र अत्यंत उपयोगी हैं। इनके द्वारा समाचारों के अतिरिक्त भाषा-ज्ञान संबंधी पर्याप्त सामग्री भी प्राप्त होती है। केवल पुस्तकीय ज्ञान तो अधूरा एवं अपर्याप्त है।**

**इस युग में, हमारे जीवन में समाचार-पत्रों का स्थान बहुत ऊँचा है। पचास वर्ष पहले तो समाचार पत्र पढ़ने वाले नगण्य थे, किंतु आज तो समाचार पत्रों के पाठकों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इन समाचार-पत्रों के द्वारा ही भारत को स्वतंत्रता प्राप्त करने में सफलता मिली, क्योंकि भारत में जागृति फैलाने का मुख्य श्रेय समाचार-पत्रों को ही है। समाचार-पत्रों के द्वारा ही महात्मा गांधी तथा अन्य महान् नेताओं एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं के संदेश जनता तक पहुँच सके। इन्हीं पत्रों के द्वारा विज्ञापन के माध्यम से व्यापार में भी उन्नति होती है इनको पढ़ने से मनोरंजन भी होता है। अतः संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि समाचार-पत्र जन-साधारण के लिए अत्यंत आवश्यक एवं अनिवार्य हो गए हैं।**

**(क) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।**

**(ख) हमारे जीवन में -------------------- का स्थान बहुत ऊँचा है।**

**(ग) अवनति का विलोम शब्द क्या है?**

**(घ) किसके द्वारा महात्मा गांधी के संदेश जनता तक पहुँचे?**

**(ङ) व्यापार में उन्नति किसके माध्यम से होती है?**

**खंड - (ख)**

**व्याकरण**

**2. (क) नीचे दिए गए शब्दों में सही जगह पर चंद्रबिंदु लगाइए। (½ + ½ = 1)**

**(i) पहुच**

**(ii) हसता**

**ख) निम्न शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए । (1 X 2= 2)**

**(i) पैर**

**(ii) हिरन**

**(ग) दिए गए शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए। (1x2 =2)**

**(i) युवक**

**(ii) बिल्ली**

**3. (क) दिए गए बाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।** (1x2 = 2)

**(i) जो कपड़ा बुने -------**

**(ii) जो लकड़ी का काम करे --------**

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए। (1x2 = 2)**

**(ii) कपड़े**

**(ii) किताब**

**(ग) निम्नलिखित वाक्यों से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए। (1x2 = 2)**

**(i) मंगलू ने सूखे कपड़े उठाए।**

**(ii) काले बादल छा गए।**

**4.(क) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए। (1x2 = 2)**

**(i) घी के दीए जलाना**

**(ii) होश उड़ना**

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**
(1x2 = 2)

**(i) अंधकार**

**(ii) अमृत**

**5. (क) निम्नलिखित शब्दों से ऐसे दो वाक्य बनाइए कि उनके भिन्न अर्थ स्पष्ट हों। (1x2 = 2)**

**(i) समान**

**(ii) सम्मान**

**(ख)' ड़ ' और ' ढ़ ' वाले एक एक शब्द लिखिए। ($\frac{1}{2}$ + $\frac{1}{2}$ = 1)**

**(ग) निम्न वाक्यों से संज्ञा शब्द छाँटिए । (1x2 = 2)**

**(i) हिमालय बहुत सुंदर है।**

**(ii) चिड़िया उड़ रही है।**

## खंड - (ग) पाठ्यपुस्तक

6. खाली स्थान भरिए। (1x2 = 2)

(i) –------------ वहाँ से जान बचाकर भाग गई।

(ii) एक दिन ------------- के घर में भोज था।

7. पाठ के आधार पर वाक्यों का मिलान (1x3 = 3)

| (क) | (ख) |
|---|---|
| शिकारी | मोची |
| खुतरू | राशन की दुकान |
| अम्मा दीदी | जाल |

8. किसने, किससे कहा ? (1x2 = 2)

(i) " मेरे दाँत टूट गए हैं।"

(ii) " अकेली ही जाओ । एक बार परेशानी उठाओगी तो दूसरी बार नहीं भूलेगी ।"

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x3 = 3)

(i) किसने बारिश को कोसा ?

(ii) चोर किसके पीछे पड़ गया ?

(iii) मनु किसे अपने साथ ले जाना चाहती थी ?

10. निम्नालिखित प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए। (2x5 =10)

(i) मनु ने मन ही मन क्या कबूल किया और गाँधी जी क्या चाहते थे ?

(ii) लोमड़ी ने हिरन का विश्वास जीतने के लिए क्या किया ?

(iii) गिरगिट और मकड़ी गिरने के बाद क्या करते हैं ?

(iv) जूतों की दुकान पर जाते हुए सुप्पंदी ने क्या बात सीखी ?

(v) रोहित के कम अंकों के लिए दादी को क्यों जिम्मेदार ठहराया गया ?

11. निम्नालिखित प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए। (3x2 =6)

(i) माधो को क्यों नहीं पता चल रहा था कि खीर कैसी होती है ? माधो के साथी ने खीर की तुलना किस-किस से करके उसे बताया ?

(ii) मनु क्यों रो पड़ी ? बापू ने प्यार से मनु से क्या कहा ?

12. निम्नलिखित प्रश्न के विस्तृत उत्तर लिखिए। (4x1=4)

*सलोनी कोयल ने अपने मित्र हीरक हिरन को लोमड़ी से सतर्क रहने की सलाह क्यों दी ?

अथवा

"दादी अपना दुख किसीको क्यों नहीं बताती थी और माता पिता ने दादी से माफ़ी क्यों माँगी ?

खंड - (घ)

रचनात्मक लेखन

13. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5)

ग्रीष्म ऋतु

अथवा

मेरा विद्यालय

अथवा

गणतंत्र दिवस


14. तीन दिनों के अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए। (5)

अथवा

मोहल्ले में मच्छरों के प्रकोप से मुक्ति दिलाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।


15. चित्र लेखन (5)

निम्नलिखित चित्र पर अपने विचार लिखिए।



अथवा

निम्नलिखित चित्र पर अपने विचार लिखिए।



16. संवाद लेखन (5)

टेलीविजन पर प्रसारित किसी कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए दो छात्रों के बीच की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

अथवा

पिकनिक पर जाने के लिए पिताजी से अनुमति माँगने के संबंध में पिता एवं पुत्र के बीच बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए ।

************************************************************